अपनी बुद्धिसे स्फुरायमान भगवद् विरुद्ध किया गया कर्म (ऐसी क्रिया) 'भगवद्-सेवा' में विघ्न उत्पन्न करता है। 🌺 (सु.३.४.१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१८६)🌺

मनुष्य की बुद्धिसे देव के चरित्र का निश्चय नहीं किया जा सकता। 🌺 (सु.३.४.१७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१८७)🌺

जो व्यक्ति 'भगवद्-अनुग्रहित' हो उनके साथ भगवानके साथ होय ऐसी वाणी और व्यवहार रखना चाहिये।🌺 (सु.३.४.२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१८८)🌺

भगवद् कथा के श्रवण से मनुष्यके सर्व दोष दूर होते है, क्योंकि भगवद् कथा 'अमृत तुल्य' होती है। 🌺(सु.३.४.२७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१८९)🌺

उसीको उत्तम निवास कहा जा सकता है, जहां अन्य विषयोके बनिस्पत मात्र भगवानकी कथामें समय व्यतित होता हो। 🌺 (सु.३.४.२७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१९०)🌺

'भगवत्-कर्म' अमृत रुप है, 'भगवत्-चरित्र' क्षुधा-त्रषा का निवारण करनेवाला व मृत्युका निवारक होनेसे, उसे अमृत रुप कहा गया है। 🌺 (सु.३.५.७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१९१)🌺

भगवत्-कर्म धर्म रुप है, उसकी मनपूर्वक भावना करनेसे 'मनोयग्य' होता है, कीर्तन करनेसे 'वाणीका यग्य' होता है, और श्रवण करनेसे 'ग्यान यग्य' होता है। 🌺 (सु.३.५.७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१९२)🌺

श्रीकृष्ण का स्वरुप 'सदानंद' का स्वरुप है। अतः उनकी कथा भी उन्हीकी तरह सदानंद है, क्योंकि भगवानके धर्म भगवद् रुप ही है। 🌺 (सु.३.५.१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१९३)🌺

भगवान की कथा को अमृत का 'पुर' (नगर) कहा गया है। भगवान के चरणार्विंदमें सभी तीर्थ निवास करते है। 🌺 (सु.३.५.११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१९४)🌺

'वृथावाद' (भगवानके संबंध रहित बातें), 'वृथागति' (भगवानके संबंध रहित क्रियायें), तथा 'वृथास्मृति' (भगवानका स्मरण जिसमें न हों एसी यादें), इन तीनो से आयुष्य का क्षय होता है। 🌺 (सु.३.५.१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१९५)🌺

जिनमें 'देव' के गुण प्रतीत होते हो उन्हे नमस्कार करने चाहिये। 'गुरु' ईत्यादिमें रहा हुआ 'दैवत्व' के कारण ही वे नमन करने योग्य होते है। 🌺 (सु.३.५.३८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१९६)🌺

'नमन' के तीन प्रकार होते है - 'लौकिक', 'वैदिक', व 'भक्तिमार्गानुसार'। भगवानके चरण सुसेव्य है ऐसा मान कर स्नेहपूर्वक उनके चर्णार्विंदमें नमन करना, वह "भक्ति" है। उनके स्वरुपको नमन करना, "वैदिक" है, व उनमें रहे हुए ऐश्वर्यादि को नमन करना "लौकिक" है। 🌺 (सु. ३.५.३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१९७)🌺

जो त्याग करनेमें असमर्थ हों उनको 'शरणागति' में अधिकार है, और जो त्याग करनेमें समर्थ हों, वे 'भक्ति' के लिये अधिकारी है। 🌺 (सु.३.५.३८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 पुष्टि-रत्नकणिका (१९८)🌺

जो कोई शरणमें आवे उनके भीतर व बाहर के ताप का शमन करनेवाले भगवानके चरणार्विंद छत रुप होते है। शरणागत जहां जहां जाता है, वहां उसके संतापको शांत करनेके लिये, भगवानके चरणार्विंद छतरुप बनकर साथ साथ जाते है। 🌺 (सु.३.५.३८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(१९९)🌺

कालके कारण प्राप्त दुःखमे भगवानके चरण शांति प्रद है, स्वभाव के कारण दुःखमें वे अमृत रुप है, और कर्मसे उत्पन्न दुःखमें वे औषध रुप बन जाते है। 🌺 (सु.३.५.३८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२००)🌺

🌺जिनमें अभिमान होता है उनमें भक्ति नहीं होती, यह मुख्य पक्ष है। संसारके अभिमान बिना मात्र भगवदिय होनेका जिन्हे अभिमान होता है, यह गौणपक्ष है। जिनमें सर्वथा अभिमान का अभाव हो, उनमें ही संपुर्ण रुपसे भगवान बिराजते है, यह सिद्धांत है। 🌺 (सु.३.५.४३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२०१)🌺

🌺भगवानका स्वभाव ऐसा विलक्षण है की भक्तको देख कर भगवान की कृपा उछलने लगती है 🌺 (सु.३.४.१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२०२)🌺

🌺भगवानके सेवक भगवदीयो के कार्य / भगवत्कार्य करनेके लिये हंमेशा तत्पर रहते है, विचरते है । 🌺 (सु.३.४.२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२०३)🌺

🌺जिस प्रकारसे माखी अपवित्र पदार्थको ग्रहण करती है लेकिन चंदनको ग्रहण नहीं करती, वैसे ही आसूरी ईन्द्रियां

स्वभावसे ही असत् पदार्थोको ग्रहण करती है। 🌺(सु.३.५.४४) 🌺 (डे. जयेन्द्र सोनी) 🌺

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२०४)🌺

🌺'गुरुसेवा', 'देवसेवा' एवम् 'आत्मसेवा', इन सेवा द्वारा ही 'धर्म' होता है। 'पतिव्रता' ईत्यादि अन्य धर्मोका उन सेवाओमें ही पर्यवसान हो जाता है। श्रीहरि सर्व दुःखहर्ता है। श्रीहरि की सेवा करनेसे ही सभी दुःख निवृत्त हो जाते है। 🌺 (सु. ३.६.३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२०५)🌺

🌺जो भी लोग भगवानकी प्रसन्नता की ईच्छा रखते हो, उन्हें भगवानकी सेवा अवश्य करनी चाहिये। 🌺 (सु.३.६.३४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२०६)🌺

🌺 जब अंतःकरण पूर्ण रुपसे विशुद्ध होता है, तभी कोई व्यक्ति सभी कार्य (भगवत् सेवा ईत्यादि) करनेका अधिकारी होता है। 🌺 (सु.३.६.३६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२०७)🌺

🌺अमृत तुल्य भगवद् कथा का श्रवण करना, यही श्रवणेन्द्रिय का लाभ है। विद्वद् जन द्वारा कथाका आरंभ होते ही कथाके विषय के अलावा अन्य सभी विषयोसे दूर होकर चित्त मात्र कथाके विषयको ही ग्रहण करे, इस तरह 'कथा-श्रवण' करना चाहिये। 🌺 (सु.३.६.३७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२०८)🌺

🌺श्रीभागवत के तत्त्वग्य विद्वान वक्ताके मुखसे ही कथा श्रवण करना चाहिये, अन्यथा भगवान के स्वरुप, गुण, लीला को न समझने वाले अविद्वान लोग द्वारा शास्त्रके तात्पर्यके विरुद्ध निरुपण होनेकी संभावना रहती है। 🌺 (सु.३.६.३७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२०९)🌺

🌺भागवतके गूढ रहस्य को न जाननेवाले वक्ता द्वारा कही गई कथा के पदार्थमें वस्तुतः भगवदियता का अभाव होनेसे वह कथामें काम का व्यभिचार होनेकी संभावना होती है 🌺 (सु.३.६.३७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२१०)🌺

🌺अपनी 'श्रवणेन्द्रिय' (कान) द्वारा मात्र भगवद् कथा का ही श्रवण करना चाहिये। भगवद् प्रेम रहित लौकिक भाव युक्त कथा श्रवण नहीं करनी चाहिये। 🌺 (सु.३.६.३७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२११)🌺

🌺जो लोग भगवत् संबंध रहित अन्य लौकिक विषयोका निरुपण कथामें करतें हो, उनकी कथा का श्रवण कदापि करना नहीं चाहिये। 🌺 (सु.३.६.३७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२१२)🌺

🌺'भागवत् कथा' का तात्पर्य ही यह है की जो भगवद् संबंध करानेके लिये सक्षम हो। जिसमें 'सुधा-रस' उत्पन्न होता हो और मृत्यु का निवारण करनेका सामर्थ्य हो। 🌺 (सु.३.६.३७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२१३)🌺

🌺माया का संबंध तीन प्रकार से छुट सकते है - १.निवृत्ति धर्मसे, २.भगवद् कृपासे, ३.भगवद् भक्किसे। निवृत्ति मात्र से मायाका संबंध नहीं छुटता, परंतु 'निवृत्ति-धर्म' का आचरण करना आवश्यक है। (सु.३.७.११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२१४)🌺

🌺निवृत्ति धर्म - जीवन निर्वाह उपयोगी पदार्थ संग्रह, शास्त्रोक्त परित्याग, एकांतिक निवास, तीर्थ सेवन, मौन, श्रीकृष्णका चिंतन, काल-कर्म-स्वभाव गत दुःख-सहन, किसीका भी प्रतिकार न करना, दया, संतोष, और वासना-निवृत्ति। इनके पश्चात् भगवद् कृपा से भगवद् भक्ति प्राप्त होती है। 🌺 (सु.३.७.११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२१५)🌺

🌺अल्प सुखकी कामनासे किया हुआ कर्म स्वभावसे ही बडा दुःख उत्पन्न करनेवाला होता है। लेकिन, यदि वह कर्म भगवद्संबंधि किया जाय तब वही कर्म दुःख दूर करने, व सुख देनेवाला होता है। 🌺 (सु.३.८.२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 पुष्टि-रत्नकणिका (२१६) 🌺

🌺जब तक जीव भगवद् चरणार्विंद का शरण नहीं स्वीकार करता तब तक देह ईत्यादी में "मैं" और "मेरा" ऐसा दुष्ट अथवा मिथ्या आग्रह बना रहता है। 🌺 (सु.३.९.६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२१७)🌺

🌺भगवान प्रति 'भाव' अर्थात् 'प्रेम लक्षणा भक्ति', जिसका तात्पर्य है - भगवानमें प्रीति, वह भगवानके माहातम्यका ग्यान होने से होती है। 🌺 (सु.३.९.११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२१८)🌺

🌺मनुष्यको धनके निमित्त मुख्य भय रहता है, दूसरा भय देह विषे होता है, और तिसरा भय पुत्रादि निमित्तसे रहता है। जब तक धन, देह तथा पुत्र रहे, तब वे चले न जावें ऐसा सोच कर भय रहता है, यदि वे चले जावे तब शोक होता है।🌺 (सु.३.९.६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२१९)🌺

🌺अवतार, गुण एवम् कर्म के अनुकरण करने वाले - देवकीनंदन, गोवर्धनोद्धरण ईत्यादि में से कोई नामका, प्राण जाते समय असहाय होकर यदि कोई उच्चारण करता है, तब वह अपने पूर्वके संचित अनेक पापोको त्याग कर ब्रह्मरुप की प्राप्ति करता है। 🌺 (सु.३.९.१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२२०)🌺

🌺भगवान के चरित्रका फल भगवदियके चरित्रका श्रवण है। अर्थात् भगवदियोकी कथा का श्रवण ही भगवानकी कथाका फल है। 🌺 (सु.३.१३.४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२२१)🌺

🌺जिन कार्यो को करनेसे अपने 'सेव्य' को सुख तथा संतोष प्राप्त हो सके, उसका ही नाम 'सेवा' है। 🌺 (सु. ३.१३.६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२२२)🌺

🌺जिनकी ईन्द्रियां विक्षिप्त होती है, उन्हें जिस प्रकारसे 'शरीर-धर्म' फल नहीं देता है, वैसे ही जिनका मन विक्षिप्त हो, उन्हें 'ईन्द्रिय-धर्म' फल नहीं देते। जो भगवानसे विमुख होते है, उन्हें कोई भी धर्म सिद्ध नहीं होते है। 🌺 (सु.३.१३.१३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२२३)🌺

🌺भगवद्-कथा के सिवा दूसरी कुकथा बुद्धि का नाश करनेवाली होती है। वह कथा उसको सुननेवालोको, जहां शरण प्राप्त न हो ऐसे अंधकारमें धकेल देती है। उन्हें वैकुंठकी प्राप्ति नहीं हो सकती है। जो हतभागी होते है, वे ही इस प्रकार की कथा श्रवण करते है। 🌺 (सु.३.१५.२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२२४)🌺

🌺किसी भी प्रकारसे जो मनुष्य अपना मन भगवानकी कथामें आसक्त करता है वह कृतार्थ होता है। भगवद् कथा मृत्युपाश (बंधन) का नाश करती है। 🌺 (सु.३.१४.४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२२५)🌺

🌺जो लोग मानव देह प्राप्त करके भी भगवान की आराधना नहीं करते, वे लोग निश्चित रुपसे भगवद्-माया से मोह प्राप्त है। 🌺 सु.३.१५.२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२२६)🌺

🌺भगवान का पिताम्बर 'वेद' रुप है। जब वे अपने आधिदैविक स्वरुप पर धारण करतें है, तब ही वेदका प्रचार होता है और सभीका हृदय भगवानका अधिष्ठान होता है। पिताम्बर पर वे कन्दोरा धारण करतें है, वह उपनिषदो के अर्थ रुप है, उसीके कारण महापुरुषके हृदय भगवानका अधिष्ठान होता है। 🌺 (सु.३.१५.४०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२२७)🌺

🌺 भगवानकी 'रूप लीला' तथा 'नाम लीला' दोनो में 'भगवदिय रस' विद्यमान है, जिनका ग्यान कथा रसके अनुभवसे ही होता है। भगवानकी कथारस का अधिकार शास्त्र व अनुभव से होता है। जिनका चित्त दूसरे रसमें निमग्न हो उसे कथामें रस उत्पन्न नहीं होता। 🌺 (सु.३.१५.४८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२२८)🌺

🌺जिन मनुष्य का चित्त धनमें आसक्त होता है, वे कभी भी भगवद् सन्मुख नहीं हो सकते। जिस प्रकारसे स्तन-पान करनेके लिये व्यग्र बालक माता कों ही मानता है, वैसे वे लोग लक्ष्मीका ही आदर करतें है। 🌺 (सु.३.१६.२०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२२९)🌺

🌺जिस तरह मायासे मोहित बालक बहुतसा सुवर्ण दे कर मुठ्ठीभर खानेके पदार्थ खरीदता है, वैसे ही क्षुल्ल्क कामना की पूर्ति के लिये जो लोग भगवानके चरणकमल की उपासना करतें है, उनके चित्त मायासे मोहित हुवा समझना चाहिये। 🌺 (सु.३ २१.१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२३०)🌺

🌺मुख्य भगवद् भक्त में तीन धर्म होते है - १. प्रथम लोक का त्याग, २. तत्पश्चात् भगवान के चरण छत्र का आश्रय, ३. तादृशीजनो के साथ इस प्रकारसे भगवद् गुणानुवाद जिससे लौकिक विषयो का विस्मरण होय। 🌺 (सु.३.२१.१७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२३१) 🌺

🌺जिनके मन, बुद्धि ईत्यादि लौकिक विषयोमें आसक्त हो ऐसे उपदेश देने वाले लोगो का संग नहीं करना चाहिये, क्योंकि यदि अन्धा कुवामें गीर पडे वह सामान्य है, लेकिन देखनेवाला यदि गीरे तो वह बुद्धिसे अंध होनेसे उसे 'महा अंध' कहते है। 🌺 (सु.३.२१.१७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२३२) 🌺

🌺पतिव्रता स्त्री का धर्म है कि जैसी पतिको रुचे वैसी सेवा करनी चाहिये, वैसेही 'भगवद्-सेवा' स्नेहपूर्वक करनी चाहिये। उसके लिये सेवाके स्वरुपका ग्यान, स्वस्वरुप एवम् सेव्य स्वरुपका ग्यान होना आवश्यक है। तभी सेवाकी योग्यता आती है। 🌺 (सु.३.२३.१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२३३)🌺

🌺'योग' के तीन प्रकार होते है - १.'आधिदैविक योग', जिससे भगवद् साक्षात्कार होता है, २. 'आध्यात्मिक योग', जो आत्म-साक्षात्कार कराता है, और ३. 'आधिभौतिक योग', जिससे अणिमा...इत्यादि सिद्धि प्राप्त होती है। 🌺 (सु.३.२५.१३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२३४)🌺

🌺यदि अपना चित्त विषयासक्त होता है तब वह बंधन कराने वाला होता है, लेकिन यदि चित्त को भगवदासक्त किया जाय तब हम मुक्ति प्राप्त कर सकते है। 🌺 (सु. ३.२५.१५) 🌺 (डो़ जयेन्द्र सोनी) 🌺

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२३५)🌺

🌺काम, लोभ ईत्यादि मन के मैल है, जिनका मन निर्मल होता है वह ही आत्मा को ग्रहण कर सकता है। देह ईत्यादि में "मैं", व " मैरा" ईत्यादि अभिमान से वह मैल उत्पन्न होता है। 🌺 (सु.३.२५.१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸
[21/02 08:52] Jayendra Soni: 🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२३६)🌺

🌺 एक ही भगवान समस्त प्राणीयोमें पुरुष (अंतर्यामि) रुपसे बिराजमान है। बहार वे कालके रुपमें विद्यमान है। जो बहिर्मुख होते है, उनका भगवान काल रुपसे भक्षण करतें है, व जो अंतर्मुखी (भगवन्-सन्मुख) होते है, उनको पुरुष रुपसे प्रफुल्लित करतें है। 🌺 (सु.३.२६.१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२३६)🌺

🌺 एक ही भगवान समस्त प्राणीयोमें पुरुष (अंतर्यामि) रुपसे बिराजमान है। बहार वे कालके रुपमें विद्यमान है। जो बहिर्मुख होते है, उनका भगवान काल रुपसे भक्षण करतें है, व जो अंतर्मुखी (भगवन्-सन्मुख) होते है, उनको पुरुष रुपसे प्रफुल्लित करतें है। 🌺 (सु.३.२६.१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२३७)🌺

🌺जिनको परलोक के लिये, भगवद् कृपा के लिये, अथवा अन्य कोई भी अर्थ के लिये 'भगवान' व 'भक्ति ' के सिवा अन्य कोई भी साधन नहीं है वे ही 'अनन्य भक्त' कहे जाते है। 🌺 (सु३.२५.४०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२३८)🌺

🌺 जिसको करनेसे अपने धर्ममें प्रतिबंध उत्पन्न होता है वह 'विधर्म' है। जबतक देह की सभानता है, 'वर्णाश्रम' के धर्म ही 'स्वधर्म' है। परंतु, जब देह से आत्मा अलग है ऐसे समझे तब भगवानका दास्य अपना 'स्वधर्म' बनता है, और वर्णाश्रम ईत्यादी अन्य धर्म 'परधर्म' है। 🌺 (३.२८.२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२३८)🌺

🌺जिस व्यक्तिका प्रत्येक कर्म व धर्म 'वैराग्य' अथवा 'भगवद् सेवा' में उपयोगी न होता हो, वह जिवित होते हुए भी मृत समान है। 🌺(सु.३.१३.५९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२३९)🌺

जब विषयोमें से हमारी ईच्छा व द्वेष चला जाय और हमारा चित्त सर्वत्र वैषम्य (विषमताओ) को ग्रहण न करें तब ही 'भगवद् रस' युक्त चित्त लौकिक पदार्थो में से निवृत्त होता है। 🌺 (सु.३.२४.४७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२४०)🌺

🌺अपना 'मन' दैवी व आसुरी ऐसे दो प्रकारके होते है। आसुरी मन संकल्प-विकल्प करने और गुणो का क्षोभ करनेवाला होता है। दैवी मन मात्र मनन रुप होता है। ईन्द्रियां भले दो स्वभाव वारी हो, मन असुर नहीं होना चाहिये। 🌺 (सु.३.२४.३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२४१)🌺

🌺जो लोग भागवत् कथामृत का पान करके देहधर्म रहित होते है, अर्थात् उन्हे देहधर्म बाधा नहीं करते। वे हि लोकमें त्याग करनेवाले होते है। उन्हे हि 'भगवद्-भक्त' कहतें है। 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका🌺

🌺"भक्तिमार्ग"का प्रचार करने हेतु 'वैश्वानर' रुप श्रीवल्लभाचार्यजी ने भूतल पर अवतार धारण किया है, तदर्थ

पुष्टिमार्ग में उनके वचन ही 'प्रमाण' है, दुसरे वचन तदंतर् निहित है अथवा गौण है। 🌺 (साधन दीपिका-३) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२३९)🌺

🌺'भक्ति' निश्चित रुपसे फल रूपा ही होती है। अतः वह कभी भी, किसीभी स्थितिमें फल रहित नहीं होती। ईसलिये भक्ति काल ईत्यादि से अगम्य एवम् अत्यंत सुक्ष्म 'भगवदात्मक फल' प्रदान करती ही है। 🌺 (सु.३.२५.३६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२४०)🌺

🌺पर्वतादि को भेदकर जिस तरहसे गंगा नदी का जल समुद्रमें जा कर मिलता है, उसी प्रकार से लौकिक व वैदिक प्रतिबंधो को दूर करके भगवानमें मनकी गति होय, यह 'निर्गुण भक्तियोग' का लक्षण है। 🌺 (सु.३.२९.११) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२४१)🌺

🌺मुक्तिके चार प्रकार है -१.सालोक्य -वैकुंठमें वास, २. सार्ष्टि - भगवानके समान ऐश्वर्य, ३.सामीप्य - भगवानके समीप स्थिति, और ४. सारुप्य - भगवानके समान रुप। लेकिन, जो निर्गुण भक्त भगवद्-सेवा के सिवाय कुछ भी ग्रहण नहीं करते / ईच्छा नहीं रखते है, वह आत्यंतिक "भक्ति योग" है। 🌺 (सु. ३.२९.१३/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२४२)🌺

🌺जैसे जैसे अपना चित्त संसारमें से आसक्ति त्याग करें, वैसे उसे वापस मोडना चाहिये। उसके लिये भक्ति, योग, व वैराग्य साधन है। भगवानके प्रति स्नेह तथा विषयोमें अनासक्ति, चित्तको वश करनेके साधन है। 🌺 (सु.३.२७.५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२४३) 🌺

🌺भगवनके चरण कमल रुप व वज्रादि चिन्होसे संपन्न होनेसे 'सर्व पाप नाशक' है। "वज्र" भक्तके पर्वत जितने पापो का छेदन करता है, "अंकुश", हाथी समान मदोन्मत्त मन को वशमें रखता है, "ध्वज", भगवद्-आश्रय करने वालों का सर्व-भय-नाशक है, " सरोरुह" (कमल), चरणाविंद सुखपूर्वक सेवन करने योग्य होने का सूचकहै। 🌺 (सु.३.२८.२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२४४)🌺

🌺भगवद् चरणाविंदके चार मुख्य चिन्ह भक्तोके 'धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष' पुरुषार्थो के ग्यापक है। ऐसे अनन्त चिन्होसे भगवद् चरणाविंद संपन्न है, जो सर्व फलके दान करनेवाले है। अतः वे भजनीय एवम् सेवा करने योग्य है, जिनसे सभी दोष दूर होते है। 🌺 (सु.३.२८.२१)🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२४५)🌺

🌺बाहरके प्रकाश से भीतरका अंधकार दूर नहीं हो सकता। एक ही चंद्र उसे दूर नहींकर सकता, व सूर्य प्रकाश तो ताप

उत्पन्न करता है। ईसीलिये भगवान के दश नखचंद्र भक्तके सर्व दोष निवारक है। भगवद् चरणार्विंद न केवल अंधकार दूर करतें है, अग्यानकी निवृत्ति द्वारा आनन्दायक अमृत रुप भी है। 🌺 (सु.३.२८.२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२४६)🌺

🌺शिकारी अथवा घातकी की तरह जो पाप के द्वारा द्रव्य प्राप्त करके उससे अपने परिवारका पोषण करता है, अथवा ऐसा करनेके लिये जो उत्सुक रहता है, वह 'अंधतामिश्र' नरकमें जाता है। 🌺 (सु.३.३०.३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२४७)🌺

🌺जब किसी जीवमें स्व-सामर्थ्य न रहे अथवा शास्त्रसे भी कोई उपाय न हो सके तब उसे अन्य कोई भगवद्-भक्त ही अलौकिक उपाय द्वारा उस जीवको भगवद्आसक्ति वाला कर सकता है। जीव-भाव प्राप्त का परमधर्म 'दास्यधर्म' ही है। 🌺 (सु.३.३१.१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२४८)🌺

🌺मोक्ष की ईच्छा करनेवाले पुरुष को जैसे स्त्रीका संग मोह उत्पन्न होता है, वैसा धन, अश्व, वस्त्र इत्यादिसे नहीं होता है। स्त्रीके संगकी अपेक्षा भी स्त्रीके संगवाले का संग अधिक नाशक है। 🌺(३.३२.१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२४९)🌺

🌺जैसे अच्छा अन्न प्राप्त होने परभी 'सूकर' विष्टा ईत्यादि का ही भक्षण करता है, वैसे ही जो लोग 'भगवद् कथा' की सुधा का त्याग करके दुष्ट लोगोकी कथा का श्रवण करतें है, वे वास्तवमें देव द्वारा मारे गये है। 🌺 (सु.३.३२.१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२५०)🌺

🌺आलोक व परलोक के साधन रुप देह से ईश्वर पर्यंत जितनेभी भजन करने लायक स्वरुप है, तथा जो जो भावसे वे भजन करने योग्य है, वे सभी भाव 'भगवान' में ही करना, उसको ही "सर्वभाव" कहते है। 🌺 (सु.३.३२.२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टिरत्नकणिका(२५१)🌺

🌺जिनमें अभिमान रहे ऐसे मार्गसे संसारमें पूनः आना पडता है, अतः निराभिमान हो सके ऐसा मात्र 'भगवद् मार्ग', 'भक्तिमार्ग' है,उसका ही आश्रय करना चाहिये, उसमें रहकर भजन करना चाहिये। 🌺 (सु.३.३२.२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२५२) 🌺

🌺भगवान ही सबकुछ करतें है, लेकिन, बिना भजन 'ग्यान' की सिद्धि नहीं होती। अतः भजन अवश्य करना चाहिये। 🌺 (सु.३.३२.२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२५३)🌺

🌺भगवान की कृपासे ही मुक्ति प्राप्त होती है, शास्त्रसे अथवा मनुष्यके साधनसे नहीं। भगवान जब स्वतः प्रसन्न

होतें है, तभी उनमें प्रीति उत्पन्न होती है। 🌺 (३.३३ - कारिका-४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२५४)🌺

🌺स्वकीय भक्तोमें भगवान जो जो लीलाएं करते है, व उनके द्वारा अपने विषयके भाव उत्पन्न करतें है, उसको 'निरोध' कहते है। 🌺(स्कं.१०-१कारिका १ टिप्पणीजी) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२५५) 🌺

🌺अपनी ईन्द्रियो के सामर्थ्यसे भगवद्-दर्शन नहीं हो सकते है, परंतु मात्र भगवान की ईच्छासे ही वह हो सकता है। भगवानसे निवेदन करनाही सेवक का कर्तव्य है, उसका प्रतिसाद देना भगवानकी स्वयंकी ईच्छा पर निर्भर है। 🌺(सु. १०.३.१७/२३)🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२५६)🌺

🌺अनेक शक्तिओके साथ श्रीकृष्णका प्रपंच (जगत) में रमण को 'निरोध' कहतें है। भक्तोकी प्रपंच कि विस्मृति पूर्वक भगवद्-आसक्ति का नाम 'निरोध' है। 🌺 (स्कं.१०.१ कारिका ९ योजना) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२५८)🌺

🌺भगवद्-अवतारका एक कारण 'भूमि भार' है। इसका तात्पर्य पृथ्वी पर प्राणीयोकी संख्या बढनेसे नहीं है, लेकिन भूमि पर पाप बहुत बढने के कारण भार हो जाता है, यह समझना चाहिये । 🌺 (स्कं १- १कारिका १४ प्रकाश) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२५९) 🌺

🌺 लोकमें भगवान जिन स्वरुपमें बाहर प्रकट होते है, 'तामस भक्त' के लिये वे ही मुख्य होते है, 'अंतरात्मा' अर्थात् अपने भीतर बिराजे हुए भगवद् रुप को वे मुख्य नहीं मानते। बाहर प्रकट हुए साक्षात भगवत्-स्वरुपमें ही उनको दृढ आसक्ति होती है। अतः उनको 'तामस' कहा जाता है, वास्तवमें तो वे 'निर्गुण' ही होते है। 🌺 (स्कं.१०- ५ कारिका ७ व्याख्या) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२६०)🌺

🌺काष्टमें अग्नि भीतर होते हुए जब बाहरका अग्नि काष्टको लगानेसे ही अंदरका अग्नि प्रज्वलित होता है, ठीक वैसेही सर्व-व्यापक भगवान जब तक स्वयं प्रकट होकर भक्तके हृदयमें प्रवेश नहीं करतें तब तक देह, ईन्द्रियादिका लय नहीं होता। 🌺(स्कं.१०- १ कारिका १६/१७)🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२६१) 🌺

🌺वस्तुत: परब्रह्म परमात्मा पुर्णपुरुषोत्तम का प्रादुर्भाव ही होता है, उनका जन्म नहीं होता। भगवानके प्रादुर्भाव से ही जन्मोत्सव आदि लीलाएं होती है। 🌺 (स्कं.१०.१ कारिका २३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२६२)🌺

🌺जो 'भगवद्-गुणानुवाद'में अरसिक होता है वे "पशुघ्न" कहे जाते है, अर्थात् वे १.पशुजीव (मात्र पेट

भरनेवाले),२.आत्मघाती (भवसागर न तरनेकी ईच्छा वाले), ३.स्त्री जीव (प्रकृति परवश), ४.कर्मजड (मूढ), व ५.निंदितार्थरत (जो निंदित पदार्थोमें आनंद पाते है), होते है। 🌺(स्कं.१०. १.४ कारिका ३) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२६३)🌺

🌺जीवधर्म के कारण ही 'स्त्रीजीव' (स्त्री-पुरुष भेदसे नहीं) व 'पशुजीव' को 'भगवद्-गुणानुवाद'में रसहीन बताया गया है। 'स्त्रीपना' का तात्पर्य विषयासक्ति हेतु प्रकृति परवशता तथा प्रकृति संसार उत्पन्न करती है, और 'पशुपना' का तात्पर्य विवेक का अभाव है। स्त्रीजीव लौकिक चातुर्य वाले, व पशुजीव लौकिक/अलौकिक दोनो तरहसे 'अलौकिक अचतुर' होते है। 🌺(१०-१-कारिका ३ योजना) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२६४)🌺

🌺जिनमें अल्प मात्र भी दोष होते है, वे भगवद् गुणानुवाद नहीं कर सकते है। भगवद्- चरित्र स्वतंत्र फलरुप है। वक्ता के लिये भी फलरुप है और श्रोताके दोषो का निवारण करने वाले है। 🌺 (सु. १०.१.४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२६५)🌺

🌺जिस तरहसे रोग का निवारण करनेके लिये रोगीके भितर औषध का प्रवेश कराना जरुरी होता है, ठीक वैसे ही कर्णके द्वारा श्रवण करके भगवद् चरित्र को ह्रदयमें प्रवेश कराना आवश्यक होता है। श्रोताके लिये कर्म, ग्यान तथा भक्ति से भी भगवद् चरित्र मोक्षका परम साधन है। 🌺 (सु.१०.१.४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२६६)🌺

🌺धर्मके हेतु को शुद्ध करनेवाले ६ साधन - देश, काल, द्रव्य, कर्ता, मंत्र, और कर्म के कलिकाल में अभाव होनेसे मात्र 'भगवद् चरित्र' ही सभी को शुद्ध करने वाला साधन है।यदि इस युगमें शुद्ध करनेवाले भगवद् चरित्र न होते, तो न किसी की धर्ममें प्रवृत्ति होती, न किसीका मोक्ष ही होता। 🌺 (सु.१.१.१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२६७) 🌺

🌺भागवतजीमें नवम-स्कंध तक की कथा श्रीशुकदेवजी ने कही है, परंतु दशम-स्कंधकी 'निरोध-लीला' (श्रीकृष्ण-चरित्र) की कथा, तो श्रीशुकदेवजी के ह्रदयमें बिराज कर स्वयं श्री भगवानने ही कही है। (सु.१०.१.१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२६८) 🌺

🌺'सत्य' हमेंशा भगवत् सम्बंधित ही होता है। 'असत्य' का आचरण जहां होता हो वहां भगवत् सानिध्य कभी भी प्राप्त नहीं होता। 🌺 (सु.१०.१.५७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२६९)🌺

🌺गोप बालक, गोपीजन, व गौएं, ईन तीनो से व्रजकी शोभा है। गोपीजन तो साक्षात् वेद की 'श्रुतियां' हे, अतः उन्हें 'श्रुति रुपा' गोपीजन कहा है। गोप बालक वे श्रुतिओ के अभिमंता देवता है। 🌺 (सु.१०.२.७ योजना) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२७०)🌺

🌺स्त्रिका वध 'यश' का नाश करता है, बहिनका वध 'लक्ष्मीका नाश करता है, व गर्भिणी स्त्री का वध आयुष्य का नाश करनेवाला होता है। 🌺(सु.१०.२.२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२७१)🌺

🌺जब अंतःकरण परम शुद्ध होता है, तभी ही स्वदोष स्फुरित होते है। अपने दोष को महेसुस करने को ही 'ग्यान' की पूर्वावस्था कहते है। 🌺(सु.१०.२.२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२७२) 🌺

🌺बिना प्रयत्न होती हुई चित्त की प्रवृत्ति को ही 'स्मरण' कहते है। प्रयत्न पूर्वक चित्त की क्रिया को 'चिंतन' कहा जाता है। और 'भगवद् स्वरुप' की परिकल्पना को 'ध्यान' कहते है। 🌺 (सु.१०.२.३७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्वकणिका (२७३)🌺

🌺हम अपनी ईन्द्रियोके सामर्थ्यसे भगवानके दर्शन नहीं कर सकते, परंतु स्वयं भगवान की निजेच्छा से ही उनके दर्शन हो सकते है। 🌺 (सु.१०.३.१७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२७४)🌺

🌺भगवान को निवेदन करना, ईतना ही सेवक का कर्तव्य है, परंतु आगे क्या करना होता है वह मात्र भगवान ही जानते है । 🌺 (सु.१०.३.२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२७५)🌺

🌺'सत्संग' व 'भागवत' ये दोनो भगवानके "आधिभौतिक" चरण है; 'ग्यान' व 'भक्ति', उनके "आध्यात्मिक" चरण है; और प्रसन्न हुए भगवानके 'दो चरणार्विंद' उनके "आधिदैविक" चरण है। उनमेंसे किसी एक की प्राप्तिसे जीव कृतार्थ हो जाता है। 🌺 (सु.१०.३.२७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 पुष्टि-रत्नकणिका(२७६)🌺

🌺लोकमें भगवानका जो स्वरुप बहार प्रकट होता है, वही 'तामस' भक्त के लिये मुख्य है, अंतरात्मा ईत्यादि भगवद् रुप मुख्य नहीं है। उन्हें बाहर प्रकट होनेवाले साक्षात् भगवत् स्वरुपमें ही दृढ आसक्ति होती है। ईसलिये उन्हें 'तामस भक्त' कहा जाता है, अन्यथा वे 'निर्गुण भक्त' ही है।🌺 (सु.१०.५ कारिका ७) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२७७)🌺

🌺भगवान जीवके स्वभावमें परिवर्तन कर सकते है, फीरभी उनके स्वभावका अनुसरण करें तदर्थ वे 'परम दयालु' कहे जावे और भक्तिमार्गका उत्कर्ष सिद्ध होय। लेकिन यदि भगवान जीवके स्वभावको बदक देवे तो उनके कर्म अनेक प्रकारसे क्लिष्ट होय व भगवद् लीला रसरुप नहीं बने! 🌺 (सु.१०.५.कारिका ६ टिप्पणीजी) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका(२७८)🌺

🌺'दान' करनेसे ही द्रव्यकी शुद्धि होती है। दान के अलावा अन्य किसी प्रकारसे द्रव्य शुद्धि नहीं होती। द्रव्य के अनुसार दान करना चाहिये। यदि अल्प द्रव्य प्राप्त होता हो, तो मात्र 'संतोष' करनेसे ही द्रव्य शुद्ध हो जाता है। 🌺 (सु.१०.५.४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२७९)🌺

🌺 'भगवत् नाम' अंतःकरणको शुद्ध करनेवाला होता है, 'भगवद् स्वरुप' ईन्द्रियोको शुद्ध करनेवाला होता है क्योंकि भगवद् दर्शन करनेसे ईन्द्रियें भगवानमें आसक्त होती है। ग्यान देहाध्यासको निवृत्त करनेवाला होनैसे वह देहकी शुद्धि करता है। 🌺 (स.१०.८कारिका ३ प्रकाश)🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२८०)🌺

🌺अपने प्राण, मन, बुद्धि व ईन्द्रियन में जो प्रियता होती है उसे 'भक्ति' दूर करती है, और मात्र भगवानमें द्रढ प्रेम कराने वाली होनेसे वह प्राण को शुद्ध करती है। वह भाग्यपूर्वक जन्मके फलरुप होनेसे सभीका मूल है,अतः वह आत्माको शुद्ध करती है। ऐसा भाग्य 'गुरु कृपा' से ही प्राप्त होता है। गुरुकृपा के बिना जीव पर 'भगवद् अनुग्रह' नहीं होता। 🌺 (सु.१०.८कारिका र प्रकाश) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸
(ईस वचनमें 'भक्ति' व 'गुरुकृपा' का महिमा बताया है)

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२८१)🌺

🌺जब तक अंतःकरणकी शुद्धि नहीं होती है तब तक भगवानने स्वतंत्र रुपसे कि हुई 'कुंज-निकुंज' तथा 'रासादि लीला अथवा 'व्रजस्त्रीओ के संबंध वाली लीला' के रुपकी भावना नहीं करनी चाहिये। अर्थात् - सबसे पहले 'नंदालय' की लीला का मात्र श्रवण, कीर्तन, स्मरण ईत्यादि 'ही' करना चाहिये। 🌺 (सु.१०.८ कारिका २३ टिप्पणीजी) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२८२)🌺

🌺भगवानकी कथात्मक, नामात्मक लीला के श्रवणादिक से जब अंतःकरण संपुर्णतया शुद्ध हो जय, मनमें वासनाका लेश मात्र न रहे, तब ही विशुद्ध मनसे भगवानकी व्रजभक्तो के साथ की गई लीला की भावना की जा सकती है। 🌺 (सु.१०.८ कारिका २३ टिप्पणिजी) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 पुष्टि-रत्नकणिका (२८३)🌺

🌺महापुरुषोको अपना खुदका कोई कार्य होता नहीं है। सामान्यतः वे अन्य कहीं जाते नहीं। वे जब भी, जहां भी पधारतें है, परोपकारके लिये ही पधारतें है। 🌺 (सु.१०.८.४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२८४)🌺

🌺अर्थ रहित 'भगवत् नाम' फल देने वाला नहीं होता है, ईसीतरह उससे अंतःकरण की शुद्धि भी नहीं होती। 'भगवद्-स्वरुप' के संबंध रहित, व 'भगवद् नाम' अलौकिक है ऐसे ग्यान रहित, स्वरुपके अग्यानसे, मात्र उच्चार करनेसे, जिस प्रकार 'अग्नि' शब्द का उच्चार करने मात्रसे दाह नहीं होता, उसी प्रकार, 'भगवद्-नाम' के उच्चार मात्र से प्रपंच निवृत्त नहीं होता है। 🌺 (सु.१०.८.१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 पुष्टि-रत्नकणिका (२८६) 🌺

🌺'गुरु तथा भगवान' में अभेद बुद्धि रखनेवाले एवम् भक्ति करनेवाले जो कोई संग रहित रहता है, उसे गुरु कृपा से 'भगवद् नाम व रुप' का यथार्थ ग्यान होता है। उसके बाद जब वह 'भगवद् रुप' का वर्णन करने वाले नाम में 'भगवद् रुप' अवस्था का स्मरण करके 'भगवद् नाम' लेता है, तब वह नाम शीघ्र ही फलित होता है। 🌺 (सु. १०.८.१६ प्रकाश) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२८७) 🌺

🌺यदि भगवान के आधिदैविक स्वरुपके उद्बोध के साथ भगवन्नाम बार बार लेवे तब बिलंबसे फल-प्राप्ति होती है, लेकिन बार बार भगवन्नाम लेते समय यदि उनके आधिदैविक स्वरुपकी स्फुरणा नहीं होती और भगवन्नाम लेनेवाले की मृत्यु हो जाती है तब वह भगवन्नाम कारगत नहीं होता, मात्र 'काल' (यमदूत) स्वतः निवृत्त हो जाते है, और तत्पश्चात उसे भगवद्-ईच्छानुसार फल-प्राप्ति होती है। 🌺 (सु.१०.८.१६ प्रकाश) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२८८) 🌺

🌺"लोकनिष्ठा" और "भगवन्निष्ठा" परस्पर विरुद्ध है। 🌺(सु. १०.८.२६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२८९) 🌺

🌺भगवान कृष्ण की बाललीलाएं - बछडे खोल देना, माखन चोरी करना, बंदरोको दुध दही बांट देना, पात्र फोडने, कोप करना, बालको को रुलाना, ये ६ 'भगवद् गुण' है, लेकिन जीवो के लिये वे दोषरुप है। अतः उनका अनुसरण नहीं करना चाहिये। 🌺 (सु.१०.८.२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२९०) 🌺

🌺भगवान 'सर्व रक्षक' है, ऐसा महात्म्य ग्यान होना चाहिये, साथमें स्नेहपूर्वक भगवानका रक्षण भी करना चाहिये। 'भगवद् सेवा' में सदा ही 'स्नेह' का उपचार करना चाहिये, लेकिन, ये तो भगवान है, ईसलिये उन्हें ठंड व गरमी नहीं लग सकती, अतः उन्हें रुईके गद्दल अथवा चंदन लेप की आवश्यक्ता नहीं, ऐसी बुद्धि कभी नहीं करनी चाहिये। 🌺 (सु.१०.८.२० योजना) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२९१) 🌺

🌺 गृहमें स्थिति 'धर्म पालन' के अर्थ में ही है। यदि धर्म का अभाव है, अर्थात् धर्म पालन नहीं कर रहे है, तब गृह व्यर्थ है। 🌺 (सु.१०.८.२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२९२) 🌺

🌺भगवानने स्व-मर्यादा का अतिक्रमण करके भक्तकी ईच्छानुसार कार्य करना स्वीकार किया है, ईसलिये पुष्टि-भक्तिमार्ग में भगवान भोजनादि सब करतें है। वस्तुतः भक्त के वशमें रहना यही "पुरुषोत्तम" की मर्यादा है। 🌺 (सु. १०.८.३५ टिप्पणिजी) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२९३)🌺

🌺 जीव भोजन करता है, उसकी वजह भूख होती है, व प्रयोजन शरीरका पोषण होता है। वैसा कारण भगवानके भोजन

करनेका नहीं है। उनका प्रयोजन भक्तके निरुपाधिक स्नेह तथा उसकी तृप्ति व कृतार्थता होता है। ईस तरह जीवके और भगवानके भोजन करनेका कारण व प्रयोजन भिन्न भिन्न होते है। अतः भक्तिमार्ग में भगवान भोजन करतें है यह निर्विवाद है, और उनका उच्छिष्ट "भगवत् प्रसाद" ही होता है। 🌺 (सु.१०.८.३६ योजना) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२९४)🌺

🌺पुष्टि-भक्तिमें भगवान अपने स्वरुपकी मर्यादा का उल्लंघन करके ही भक्त की प्रीति के कारण भोजन करतें है। अतः यह सिद्ध होता है की 'पुष्टि-भक्ति' का महिमा सर्व प्रमाणो से उत्तम है। यदि 'पुरुषोत्तम प्रभु' सर्वत्र भोजन करतें होते तो 'पुष्टि-भक्ति' की विशेषता न होती। यह 'पुष्टि-भक्ति' का गौरव है। 🌺 (सु.१०.५.३५ योजना) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२९५) 🌺

🌺भगवानके माहात्म्य-ग्यान पूर्वक कि जाने वाली उनकी भक्ति 'तत्त्व-शुद्धि' तुरंत करती है। परंतु बिना माहात्म्य-ग्यान भी भक्ति से तत्त्व-शुद्धि होती तो है, लेकिन विलम्बसे होती है। अतः 'माहात्म्य-ग्यान' भक्तिका महत्त्वपूर्ण अंग कहा गया है।

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२९६) 🌺

🌺यदि भक्त का भगवान में 'निरोध' होता है, और भगवान का भक्त में निरोध होता है, तो दोनो के अच्छे संबंध से निरोध दृढ होता है। 🌺 (सु.१०.९.कारिका ३) 🌺 (निरोध का अर्थ है involvement, गो.श्री श्याममनोहरजी) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२९७) 🌺

🌺'विद्यामद्', 'श्री मद्', और 'उत्तम कुल जन्म मद्', ये तीनो मद सामान्यजन को अंधा बनाते है, परंतु सत्पुरुषो को वे संयममें रखतें है। "श्री (लक्ष्मी) का मद" इन तीनोमें बीचमें है। जिस प्रकारसे बीच वाला मकान जलने से दोंनो तरफके मकान भी जलते है, उसी प्रकार 'लक्ष्मी मद' होने से 'विद्यामद्' व 'उत्तम कुल जन्म मद' उत्पन्न होते है। 🌺 (सु. १०.१०.८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२९८) 🌺

🌺कर्म करनेवाले देहाभिमानी मनुष्य तथा निरभिमानी मुक्त ग्यानी मनुष्य, दोनोको भगवान सुखपूर्वक प्राप्त नहीं होते, परंतु, भक्त को वे सुलभ है। 🌺 (सु.१०.९.२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (२९९) 🌺

🌺'सन्मार्ग' और 'सत्संग' सद् बद्धिसे प्राप्त होते है। लक्ष्मी के मद से तो कभी भी 'लक्ष्मी' प्राप्त नहीं होती। 🌺 (सु.१०.१०.८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३००) 🌺

🌺विषय मात्र का सेवन 'बुद्धि नाश' का कारण होता है। फिर बाह्य व आंतरिक दोष के संसर्ग रुप 'लक्ष्मी मद' से

जितना बुद्धि नाश होता है, ऐसा अन्य किसी प्रकार से नहीं होता। 🌺 (सु.१०.१८.८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३०१) 🌺

🌺भगवान जिनका उद्धार करनेका विचार करतें है उन्हीको भगवदियो का संग प्राप्त होता है। जो भगवानने विचार किया हो वही भगवदियसे मिलाप करातें है। उसमें स्वदोषके कारण अन्यथा प्रतीत होता हो, तब भी अंतमें परम फल ही प्राप्त होता है। 🌺 (सु.१०.१०कारिका २१ प्रकाश) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३०२) 🌺

🌺भगवदियोके अनुग्रह से भगवद् सानिध्य प्राप्त करनेकी योग्यता प्राप्त होती है। तत्पश्चात् भगवदियोके दास्य से भगवद् भजन के अधिकािरीको भगवान द्वारा विचारित भक्तिका फल प्राप्त होता है। 🌺 (सु.१०.१० कारिका २१ प्रकाश) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३०३) 🌺

🌺जैसे तिमिरादि व्याधिसे अंधे हुए मनुष्यको अंजन लगानेसे पूनः दृष्टि प्राप्त होती है, लेकिन जन्मांध को लाभ नहीं होता, वैसेही लक्ष्मी से अंध बने को लक्ष्मी चली जाय वह अंजन रुप है। उनके लिये दारिद्र्य अर्थात् संपत्ति का अभाव तो परम अंजन है। 🌺 (सु.१०.१०.१३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३०४)🌺

🌺सत्पुरुषो के सत्संग से मनुष्यकी तृष्णा नष्ट होती है, कयोंकि वे (सत्पुरुष) 'भगवत् पेरणा' से ही लोगोके उद्धार करनेके लिये परिभ्रमण करतें है। 🌺 (सु.१०.१०.१७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३०५) 🌺

🌺सज्जन और धनिक के धर्म परस्पर विरुद्ध होते है। सत्पुरुष सदाचारी होते है, धनिक प्रायः असदाचारी होते है। सत्पुरुष 'समचित्त' होते है, जबकी धनिक असमचित्तवाले पाये जाते है। 🌺 (सु.१०.१०.१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३०६) 🌺

🌺व्यक्ति में ६ अंग मुख्य होते है - १.'वाणी', जिसकी भगवद् गुणानुवाद/कीर्तनमें; २.'कान', जिनका भगवद् कथा श्रवणमें; ३.'हाथ', जिनका भगवद् सेवामें; ४.'चित्त', जिसका भगवद् स्वरुपके स्मरण में; ५.'मस्तक',जिसको प्रभुको नमन करनेमें; और ६.'आंख', जिनकी भगवान / भगवदिय के दर्शन में , ईस तरह सभी अंग की आसक्ति भगवद् कार्य में होय, तब ही पूर्ण कृतार्थता होती है। 🌺 (१०.१० कारिका १०-२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३०७)🌺

🌺भगवदियोके दर्शन से पूनः जन्म-मरण रुप संसार का बंधन नहीं होता। जिस प्रकारसे लोहैके गोलेमें अग्नि व्याप्त रहती है, उसी प्रकार से भगवदिय भी भगवद्-ग्यानसे परिपूर्ण होते है। जैसे तप्त गोले के संबंध से अग्नि से भी अधिक जलतें है, वैसेही 'ब्रह्मग्यान' से अधिक 'भगवद् के दर्शन' से संसार-बंधनसे निवृत्त होते है। 🌺 (सु.१०.१०.४१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३०८) 🌺

🌺भगवान में समर्पित भगवदियो के दर्शनसे संसारके बंधनोसे निवृत्ति होती है, क्योंकी उनमें कर्म, ग्यान और भक्ति, तीनोही सिद्‌ध होनेसे उनके तन रज व सत्त्व प्रकृति के ये गुणोसे पर होतें है। ऐसे भगवदियो में कर्म द्‌वारा तमोगुण',ग्यानसे रजोगुण तथा भक्ति से सत्वगुण निवृत्त होते है। 🌺 (सु.१०.१०.४१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३०९) 🌺

🌺भक्तोके अनिष्ट को निवृत्त करनेके लिये भगवान लोक और वेद की भी अवगणना करतें है। 🌺 (सु.१०.११ कारिका ७ टिप्पणीजी) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३१०) 🌺

🌺अविद्‌या के पांच पर्वमें -धेनुकासुर 'देहाध्यास' रुप है, कालियनाग 'इन्द्रियाध्यास' रुप है, प्रथम दावाग्नि 'प्राणाध्यास' रुप है, प्रलम्भासुर 'अंतःकरणाध्यास' रुप है और द्‌वितीय दावाग्नि 'स्वरुप विस्मृति' रुप है। 🌺 (१०. १२ कारिका २ योजना-कारिकर्थ) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३११)🌺

🌺"वेणु" शब्द में 'व' का अर्थ है 'ब्रह्मानंद' और 'ई' का अर्थ है 'विषयानंद', ये दोनो जिसके सामने 'अणु' रुप तुच्छ है, वह भगवान की 'वेणु' है, जो उन दोनो (ब्रह्मानंद' व विषयानंद) का विस्मरण करानेवाली है। 🌺 (सु.१०.१२.२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३१२) 🌺

🌺भगवान के स्वरुपको स्वयं भगवान के आलावा कोई नहीं जान करता। वृंदावन साक्षात् 'पुरुषोत्तमात्मक' है।वहांके वृक्ष,लता-पता,पशु-पक्षी आदि के स्वरुपको भगवान ही जानतें है। बलभद्रजी वेदरुप होते हुए भी, भगवानके बताने परही, वृंदावन को जान पाते है। यदि सर्वग्य वेद की यह स्थिति है, तब दुसरे उनके कैसे जान सकतें है ? 🌺(सु. १०.१२.३.योजना) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि - रत्नकणिका (३१३) 🌺

🌺जिस प्रकारसे जल के तेज प्रवाह से कचरा धुल जाता है, वैसे ही भगवद् कथाके श्रवण - कीर्तन से पाप नष्ट होते है। भगवान के गुणोका श्रवण करनेसे कथा का पूर (प्रवाह) हृदयमें प्रवेश करके अंतरके सभी दोषोको कीर्तन द्‌वारा मुखसे बाहर निकाल देता है। ऐसे बार बार का आवर्तन से संपुर्ण शुद्‌धि होती है। 🌺 (सु.१०.१२.४१) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३१४)🌺

🌺कलियुगमें भगवान श्रीकृष्ण ही सभी दोषोका निवारण करने वाले है। यदि भगवान श्रीकृष्ण जीवकी सब ईन्द्रियो पर नृत्य करे,(नियंत्रित करें) और ईन्द्रियोसे होते अपराध को सहन करें तो सभी अपराध का निवारण हो जाता है।🌺 (सु.१०.१ ३.१) 🌺 (डो. जयेन्द्र सोनी) 🌺

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३१५) 🌺

🌺 भगवान के चरणार्विंदमें विद्यमान विविध चिन्ह विभिन्न फल प्राप्त करानेवाले होतें है। 'यव' का चिन्ह कीर्ति देनेवाला, कमल जैसी रेखा सुखपुर्वक सेवाको सूचित करती है, 'अंकुश' मन रुप हाथी का नियंत्रण करता है, और 'ध्वजा', निर्भयता प्रदान करती है। 🌺 (सु.१०.१३.१७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३१६) 🌺

🌺'भगवद् शरणागति' स्वीकार करके जब हम 'भगवत् सेवा' करें, तभी हम 'भक्त' कहे जाते शकते है। 🌺 (सु. १०.१३.३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३१७) 🌺

🌺स्वयके अभिमान रहित होना, और, स्वयं के बडे होनेके बावजुद, व अन्य अपने से हल्के होते हुए भी, उनको मान देना, ये दो गुण जिनमें होवे, वे स्वयं के अभिमान और अन्य के द्वारा अपने में उत्पन्न होते हुए अभिमान से निवृत्त होता है। 🌺 (सु.१०.१३.३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३१८) 🌺

🌺जो जीव 'गुणातीत (सत्व - रजः - तमः) रहित हों, वे ही भगवद् चरणार्विंद की 'रेणु' के स्पर्श करनेके अधिकारी होते है। परंतु जो सगुण जीव है, वे किसी भी प्रकारसे अधिकार -प्राप्त नहीं है। 🌺 (सु.१०.१३.३६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३१९) 🌺

🌺भगवान 'अक्लिष्ट कर्मा' है, अर्थात् वे बिना क्लेश ही कर्म करने वाले है। 🌺 (सु.१०.१५.१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३२०) 🌺

🌺भगवान के अलावा अन्य सभी पदार्थोमें अनुरागका अभाव ही 'वैराग्य' है। 'पुरुषोत्तम' रसात्मक है, ऐसे ग्यान को 'सांख्य' कहते है। चित्त की भगवान में तन्मयता, 'योग' कहलाता है। भगवद्-विरह जनित ताप-क्लेशके अनुभव को 'तप' कहतें है। और, 'घर्म-अर्थ-काम-मोक्ष' पुरुषार्थो की आकंक्षा रहित भगवदासक्ति 'भक्ति' है। 🌺 (सु.१०.१ ७.३७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि-रत्नकणिका (३२१)🌺

🌺 पंचपर्वा विद्या - वैराग्य,सांख्य,योग,तप व भक्ति व्रजभक्तो को प्राप्त थी । जिनको भगवान ने स्वामिनी भावसे अंगीकार कीया था, उन्हे ही दूर श्रवण - दर्शन की सिद्धि प्राप्त हुई है, अन्य किसीका उसमें अधिकार नहीं होता।🌺 (वेणुनाद श्रवण का सुख उन्हे ही मिली थी) 🌺
(सु.१०.१८ कारिका ३ योजना/प्रकाश) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३२२) 🌺

🌺"सुधा" तीन प्रकार की होती है - १. देवभोग्या : जो देवो को भोग करने योग्य होती है, २. भगवद् भोग्या : जो मुख्य लीलामें भगवान के भोग करने योग्य, अर्थात् संयोग स्वरुप- भूत सुधा, और ३. सर्व भोग्या : जो मुखसे अभोग्य हो,

परंतु कर्ण द्वारा जिसका पान हो सके अथवा विप्रयोगात्मक स्वरुप-भूत सुधा। ये तीनो ही प्रकार की सुधा भगवानके लोभात्मक अधर पर स्थापित की गई है! 🌺(सु.१०.१८.५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३२३) 🌺

🌺"गूढ स्त्रीभाव" -अर्थात् 'स्त्रीओ के ह्रदयमें 'वेणुनाद' द्वारा पूरित गूढ सर्वसे अभोग्य सुधा रुप भाव', पुष्टिमार्ग में 'तत्त्व' अर्थात् 'मुख्य फल' है। 🌺 (सु.१०.१८.५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३२४) 🌺

🌺भगवान से वार्तालाप, उनके दर्शन, उनकी सेवा- स्पर्श, उनके अधरामृत का पान, भोग व रोमोद्गम होना, भगवान जिन शब्दो का कूजन करे उनका श्रवण करना, भगवद्-विग्रह की सुगंध प्राप्त करनी, उनके समीप जाना ईत्यादि क्रिया ईन्द्रियो का फल है। (ईन्द्रियो से ये सब अनुभव होता है) 🌺 (सु.१०.१८ कारिका ८/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३२५) 🌺

🌺सर्वत्र अनासक्ति "सामान्य वैराग्य" है। जब वह त्याग युक्त हो, तब वैराग्य में उत्कर्ष माना गया है। श्रीहरिचरणमें रति उत्पन्न होय वह "भक्तिमार्गीय वैराग्य"। यदि वह सर्वस्व के निवेदन पूर्वक भगवद् चरणार्विंदमें प्रीति युक्त हों तब वह भक्तिमार्गीय वैराग्य में उत्कर्ष माना जाय। उसमें भी यदि श्रीहरि की शीतोष्ण आदि निवारण हेतु सेवाके रुप हो तब वह "पुष्टिमार्गीय वैराग्य" कहा जावे, जिसमें 'भक्ति" का प्राधान्य होने पर उसे 'उत्तमोत्तम' कहते है। 🌺 (सु.१०.१८ कारिका २५-२६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३२६) 🌺

🌺जब कोई 'भगवद् भक्त', जो 'सर्व दुःखहर्ता' है ऐसे "श्री हरि" के भी दुःख का हरण करनेकी चिंता करे, तब उसके 'वैराग्य' का उत्कर्ष समझना चाहिये। 🌺 (सु.१०.१८ कारिका २६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 पुष्टि -रत्नकणिका (३२७) 🌺

🌺 'भक्तिमार्ग' में जीवका अंगीकार होना उसका परम भाग्य है। उसमें भी "पुष्टि-पुष्टि" में अंगीकृति होय तो महद् सौभाग्य गीना जावे। 🌺 (सु.१०.१९.४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३२८) 🌺

🌺'प्रमेय' अर्थात् भगवान के स्वरुप का बल, और 'प्रमाण' अर्थात् भगवान की वाणी का बल, 'प्रमेय बल' के आगे 'प्रमाण बल' दुर्बल है। 🌺 (सु.१०.१९.२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३२९) 🌺

🌺जिस तरहसे राजा को पकड लेनेसे उसका संपुर्ण राज्य पकडनेवाले के कब्जेमें आ जाता है, ठीक वैसेही बुद्धि को भगवान को निवेदन कर देने से अपना सबकुछ भगवान को निवेदित हो जाता है, क्योंकी सभी कुछ बुद्धि के ही आधिन होता है। 🌺 (सु.१०.१९.२६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺पुष्टि -रत्नकणिका (३३०)🌺

